मुख्यमंत्री ने 8 तीर्थ परियोजनाओं का किया शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

3 जून, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की करनाल ज़िला में लगभग 1177 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाली 8 तीर्थ परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने निसिंग ब्लॉक के गाँव बालू में 86.89 लाख रुपए की लागत से 'पृथ्वी तीर्थ', गाँव ओंगद में 112.11 लाख रुपए की लागत से 'रघुवेंद्र दशरथ तीर्थ', निसिंग ग्रामीण में 159.31 लाख रुपए की लागत से 'मिश्रिक तीर्थ' का शिलान्यास किया।
- इनके अलावा असंध में 40 लाख रुपए की लागत से 'धनक्षेत्र तीर्थ', गाँव अंजनथली में 229.77 लाख रुपए की लागत से 'अंजनी तीर्थ', गाँव पतनपुरी में 231.29 लाख रुपए की लागत से 'प्रोक्षांत तीर्थ', गाँव सीतामाई में 134.52 लाख रुपए की लागत से 'वेदवती तीर्थ' तथा गाँव बस्तली में 183.06 लाख रुपए की लागत से 'व्यास स्थल तीर्थ' के कार्य का शिलान्यास किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड केवल कुरूक्षेत्र ज़िला के तीर्थों का ही देखभाल करता था, लेकिन अब धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र प्रसिद्ध तीर्थ के अंतर्गत 48 कोस की परिधि में स्थापित 164 तीर्थों के महत्त्व को समझते हुए कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा जीर्णोद्धार किया जा रहा है।
- कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा तीर्थ परिक्रमा को विकसित करने का भी निर्णय लिया जा रहा है ताकि लोगों की आस्था के केंद्र तीर्थो पर गाँव के लोगों के साथ-साथ बाहर के लोग भी दर्शन के लिये आएँ, इससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और लोगों को रोज़गार भी मिलेगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-laid-the-foundation-stone-of-8-pilgrimage-projects